# सी.एस.आई.आर.–हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान

**(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्)**

**पालमपुर–176 061(हिमाचल प्रदेश)**

ISO 9001 : 2008 पंजीकृत

**विज्ञापन सं. 01/2015**

**आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि एवं समय : 07.07.2015 ( 5:00 अपा.)**

सी.एस.आई.आर.–हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद जो भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अन्तर्गत एक स्वायत्त संगठन है एवं औद्योगिक, सामाजिक और पर्यावरण लाभ के लिए पश्चिमी हिमालय क्षेत्र की आर्थिक महत्व की जैवसंपदा पर अनुसंधान एवं विकास सेवाओं द्वारा मूल्यवर्धित पौधों, उत्पादों व प्रक्रियाओं का विकास करने के लिए एक अग्रणी घटक संस्थान है।

सी.एस.आई.आर.–हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर, द्वारा निम्नलिखित पदों को भरने के लिए पात्र एवं इच्छुक भारतीय नागरिकों से जिनका नाम हिमाचल प्रदेश में स्थित किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हो, उनसे संस्थान की वेवसाईट पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

| पद कोड | पद नाम | पदों की संख्या एवं आरक्षण* | पे बैंड/ वेतनमान/ ग्रेड पे | अनिवार्य शैक्षिणक योग्यता | चयन मापदण्ड |
|---|---|---|---|---|---|
| 101 | कनिष्ठ आशुलिपिक | (01 पद –अनु.जा. के लिए आरक्षित) | पे बैंड 1, रू 5200–20200/ ग्रेड पे रू.2400/– | 10+2/XII अथवा समकक्ष तथा हिन्दी/ अंग्रेजी आशुलिपि में 80 श.प्र.मि. एवं हिन्दी/अंग्रेजी टंकण में 35/40 श.प्र.मि. की कम्प्यूटर पर टंकण गति *। | अभ्यर्थी का चयन नियमानुसार आशुलिपि (Shorthand) में प्रतियोगिता प्रवीणता परीक्षा के आधार पर एवं 35/40 शब्द प्रति मिनिट की गति से कंप्यूटर पर हिन्दी व अग्रेंजी में टाइपिंग **(क्वालीफाइंग प्रकृति की)**। जो अभ्यर्थी हिन्दी व अग्रेंजी द्विभाषी में आशुलिपि (Shorthand) हिन्दी व अग्रेंजी में टाइपिंग (क्वालीफाइंग प्रकृति की) में उर्तीण होंगे उन्हें अंतिम चयन हेतू अधिमान दिया जाएगा। |

लगातार अगले पृष्ठ पर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 102 | सहायक (सामान्य)ग्रेड– III | 03 पद (अनु.जा. –01 अना.–02) | पे बैंड 1/ रू 5200–20200/ ग्रेड पे रू.1900/– | 10+2/XII अथवा समकक्ष तथा हिन्दी मे 30 शब्द प्रति मिनट अथवा अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट की कम्प्यूटर पर टंकण गति *। | अभ्यर्थियों का चयन सामान्य हिन्दी/सामान्य अंग्रेजी एवं सामान्य ज्ञान में लिखित प्रतियोगिता परीक्षा, कंप्यूटर पर टंकण परीक्षा (क्वालीफाइंग प्रकृति की) एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। |
| 103 | सहायक (भ.एवं क्र.)ग्रेड– III | 01 पद (अना. –शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित) **(UR- PWD-OH)** | पे बैंड 1/ रू 5200–20200/ ग्रेड पे रू.1900/– | 10+2/XII अथवा समकक्ष तथा हिन्दी मे 30 शब्द प्रति मिनट अथवा अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट की कम्प्यूटर पर टंकण गति * । | अभ्यर्थियों का चयन सामान्य हिन्दी/सामान्य अंग्रेजी एवं सामान्य ज्ञान में लिखित प्रतियोगिता परीक्षा, कंप्यूटर पर टंकण परीक्षा (क्वालीफाइंग प्रकृति की) एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। |
| 104 | चालक [एकाकी वर्ग गैर तकनीकी] | 02 पद (अना.–02) | पे बैंड 1/ रू 5200–20200/ ग्रेड पे रू.1900/– | <u>आवश्यक</u> :10वीं अथवा इसके समकक्ष परीक्षा उर्तीण एवं छोटे एवं भारी वाहनों को दुर्गम एवं मैदानी क्षेत्रों में चलाने का कम से कम पांच वर्ष का अनुभव। | छोटे एवं भारी वाहन को चलाने का <u>ट्रेड</u> टेस्ट एवं साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर । |

* कम्प्यूटर पर टंकण परीक्षा का मूल्यांकन प्रति मिनट, 9000/10500 KDPH के समकक्ष है, जो कि औसतन प्रति शब्द 5 की डिप्रेशन्स के समान है।

लगातार अगले पृष्ठ पर

**सामान्य अनुदेश तथा नियम व शर्तें :–**

1. उक्त पदों पर दिनांक 01.01.2004 से प्रभावी भारत सरकार की नई पेंशन योजना लागू है।

2. उपरोक्त पदों के लिए उनके समकक्ष दर्शाए गए वेतन बैंड व ग्रेड वेतन के अतिरिक्त अन्य भत्तें देय होंगें जो कि पालमपुर में स्थित सी.एस.आई.आर. –हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर में कार्यरत समान स्तर के कर्मचारियों को देय होंगे।

3. विज्ञापित पदों की रिक्तियां कम या ज्यादा हो सकती है।

4. उपरोक्त पदों पर आवेदन करने हेतु अधिकतम आयु सीमा 28 वर्ष है। पद संख्या 101, 102 एवं 103 हेतु विभागीय अभ्यर्थियों (सी.एस.आई.आर. कर्मचारियों) के लिए कोई अधिकतम आयु सीमा नहीं है बशर्ते वे अनिवार्य योग्यता रखते हों। आयु सीमा, अनिवार्य योग्यता की गणना करने की तिथि आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि अर्थात **07.07.2015** होगी। भारत सरकार/सी.एस.आई.आर. के प्रचलित नियमों के अधीन अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु में पांच वर्ष/अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों के लिए तीन वर्ष की छूट देय है यह छूट केवल उन्हीं पदों हेतु दी जाएगी जोकि इन श्रेणियों के लिए आरक्षित है एवं शारीरिक विकलांग व्यक्तियों (PWD) को दस वर्ष की अधिकतम आयु में छूट दी जाएगी ।

5. सम्बन्धित प्राधिकारी से प्रासंगिक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर 01 जनवरी, 1980 से 31 दिसम्बर, 1989 की अवधि में जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कश्मीर डिवीजन में सामान्यतः निवासी अभ्यर्थियों को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी।

6. विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं एवं अपने पति से न्यायिक रूप से अलग हो गयी महिलाओं, जिन्होंने अब तक पुनर्विवाह न किया हो, को 35 वर्ष की आयु तक (अ.जा/अ.ज.जा. महिलाओं को 40 वर्ष की आयु तक तथा अ.पि.व. वर्ग की महिलाओं को 38 वर्ष की आयु तक, केवल उन पदों के लिए जो उनके लिए आरक्षित हैं) छूट होगी। इस श्रेणी के अन्तर्गत छूट का दावा करने वाली महिलाओं को निम्नलिखित दस्तावेजी सबूत प्रस्तुत करने होंगे:–

   (अ) विधवा के मामले में, अपने पति के मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ, इस हेतु शपथपत्र कि उसने तब से पुनर्विवाह नहीं किया है।

   (ब) तलाकशुदा महिलाओं एवं अपनी पति से न्यायिक रूप से अलग हो गई महिलाओं के मामले में तलाक या न्यायिक विच्छेद, जैसा भी मामला हो, के तथ्य को सिद्ध करने के लिए उचित न्यायालय के आदेश/डिक्री की प्रमाणित प्रति तथा इस हेतु शपथ पत्र कि उसने तब से पुनर्विवाह नहीं किया है।

लगातार अगले पृष्ठ पर

7. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विकलांग व्यक्तियों अभ्यर्थियों से संबंधित होने के दावों पर विचार निर्धारित प्राफार्मा में सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त संबंधित प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों को प्रस्तुत करने पर ही किया जायेगा। अन्य पिछड़ा वर्ग सम्बन्धी स्थिति (status) की गणना (reckon) करने की तिथि आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि **07.07.2015** होगी।

8. सरकारी विभागों के कर्मचारियों के आवेदनों पर उसी स्थिति में विचार किया जायेगा, यदि उनके आवेदन सतर्कता प्रमाण पत्र **(Vigilance Clearance Certificate)** विजिलेंस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट के साथ उचित माध्यम से यह कहते हुये अग्रसारित किये गये हों कि नियुक्ति पत्र प्राप्त होने के एक महीने के भीतर अभ्यर्थी को कार्यमुक्त कर दिया जायेगा। हालांकि इस तरह के अभ्यर्थी अपने आवेदन की अग्रिम प्रति **(Advance Copy)** आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि से पूर्व जमा कर सकते हैं।

9. अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि वे जिस पद हेतु आवेदन कर रहे हैं, आवेदन पत्र प्राप्त होने की अन्तिम तिथि को उक्त पदों हेतु अनिवार्य योग्यता पूरी करते हैं। निर्धारित अर्हता परीक्षा (अर्थात 10+2/XII अथवा समकक्ष) में शामिल (appear) हो रहे अभ्यर्थी उक्त पदों पर आवेदन हेतु पात्र नहीं होंगें। निर्धारित योग्यता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्था से ही प्राप्त होनी चाहिए।

10. यदि अभ्यर्थी 10+2/XII के समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण किसी योग्यता का दावा करता है, तो उसे उस योग्यता के समकक्ष होने के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा, अन्यथा उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

11. आवेदन शुल्क के रूप में **निदेशक, सी.एस.आई.आर.–हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर (हि.प्र.)** के पक्ष में तथा भारतीय स्टेट बैंक, शाखा संख्या 3632, पालमपुर (हि.प्र.) में देय **रू.100/– (रूपये सौ मात्र)** का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट (सी.टी.एस. मानकों के अनुसार) आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/विकलांग व्यक्तियों, महिला अभ्यर्थी तथा सीएसआईआर कर्मचारियों को आवेदन शुल्क देने से छूट प्राप्त है। एक बार दिया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जायेगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट के पीछे अभ्यर्थी अपना नाम, पिता का नाम एवं आवेदित पद इत्यादि अवश्य इंगित करें।

**लगातार अगले पृष्ठ पर**

12. सहायक (सा./भ. एवं क्र.) ग्रेड–।।। के पदों हेतु अभ्यर्थियों का चयन सामान्य हिन्दी/सामान्य अंग्रेजी एवं सामान्य ज्ञान में लिखित परीक्षा, टंकण परीक्षा (क्वालीफाइंग प्रकृति की) एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। वह अभ्यर्थी जो लिखित परीक्षा में उर्तीण होंगे तथा टंकण परीक्षा भी उत्तीर्ण करेंगे, उन में से लिखित परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार के कुल अंक निर्धारित अंकों के 25 प्रतिशत से अधिक नहीं होंगे। लिखित परीक्षा/प्रवीणता परीक्षा सम्बन्धी विवरण संस्थान की वेबसाइट पर एवं पंजीकृत पत्राचार के माध्यम से भविष्य में समय–समय पर सूचित किया जायेगा। कनिष्ठ आशुलिपिक के पद हेतु अभ्यर्थियों का चयन कम्पयूटर पर टंकण परीक्षा को क्वालीफाई करने व आशुलिपि में प्रतियोगिता प्रवीणता परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का इस पद हेतु चयन किया जाएगा।

13. अभ्यर्थी को आवेदन पत्र के निर्धारित स्थान पर यह अवश्य सूचित करना होगा कि उनके कोई रक्त/निकट सम्बन्धी सी.एस.आई.आर. या इसकी किसी राष्ट्रीय प्रयोगशाला/संस्थान में कार्यरत हैं अथवा नहीं। यदि हां तो अभ्यर्थी को उक्त सम्बन्धी कर्मचारी/अधिकारी का पूरा नाम, पद एवं प्रयोगशाला/संस्थान का नाम एवं स्थान आवेदन पत्र में सूचित करना होगा ।

14. उपरोक्त पदों के लिये किसी भी रूप में सिफारिश या किसी भी राजनीतिक दबाब या अन्य किसी प्रकार से प्रभाव डालने आदि का प्रयास करने वाले अभ्यर्थी को इन पदों हेतु अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।

15. **इन पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का हिमाचल प्रदेश में स्थित किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकरण होना अति आवश्यक है जो कि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को वैध (valid) होना चाहिए।**

16. इस भर्ती से सम्बन्धित सभी मामलों आवेदन पत्र को स्वीकार/अस्वीकार करना, चयन प्रक्रिया, परीक्षा/साक्षात्कार को करवाने आदि के सम्बन्ध में **निदेशक, सी.एस.आई.आर.–हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान,पालमपुर** का निर्णय अभ्यर्थी पर अन्तिम तथा बाध्यकारी होगा और इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/एजेंसी से किसी भी प्रकार की पूछताछ/संवाद पर विचार नहीं किया जायेगा।

17. इस विज्ञापन के साथ संलग्न आवेदन पत्र के प्रारूप में विधिवत भरा हुआ तथा हर प्रकार से पूर्ण आवेदन (ए–4 साइज पेपर पर), आवेदन शुल्क, निर्धारित स्थान पर चिपके हुए नवीनतम फोटोग्राफ तथा समस्त शैक्षणिक योग्यताओं के अंक पत्र, प्रमाण पत्र, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, हिमाचल प्रदेश के किसी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होने का वैध (valid) प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि की स्वप्रमाणित प्रतियां के साथ डाक द्वारा/दस्ती दिनांक **07.07.2015** तक या इससे पूर्व **प्रशासनिक अधिकारी, सी.एस.आई.आर.–हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर (हि.प्र.) –176 061** के कार्यालय में अवश्य पहुंच जाना चाहिय। आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर विज्ञापन संख्या, आवेदित पद का नाम एवं पद कोड अवश्य इंगित होना चाहिये।

लगातार अगले पृष्ठ पर

18. अभ्यर्थी कृपया नोट करें कि किसी भी कारण, यथा गलत पता लिखे लिफाफे, अन्यत्र वितरित, डाक विलम्ब आदि, से अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

19. अपूर्ण आवेदन पत्र { बिना हस्ताक्षरित आवेदन पत्र, फोटोग्राफ, आवश्यक प्रमाण पत्रों, आवेदन शुल्क (जहां लागू हो) के बगैर आवेदन पत्र, आवदेन पत्र निर्धारित प्रारूप में न होना} पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सरसरी तौर पर ऐसे आवेदन पत्रों को अस्वीकार कर दिया जायेगा।

20. किसी भी अन्तरिम पूछताछ का संज्ञान नहीं लिया जायेगा।

21. उपरोक्त पदों पर चयनित अभ्यर्थियों का स्थानान्तरण सी.एस. आई. आर. के किसी भी संस्थान/प्रयोगशाला व उनके अनुसंधान उपकेन्द्रों में किया जा सकता है ।

22. अभ्यर्थियों को अपने आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक रूप से संलिग्त करने होंगें और निम्न दस्तावेज न लगाने पर ऐसे आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जायेगा :–

    1. आवेदन शुल्क।
    2. नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर।
    3. समस्त शैक्षणिक योग्यताओं के अंक पत्र एवं प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियां।
    4. जन्म तिथि प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि।
    5. हिमाचल प्रदेश के किसी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होने की वैध (valid) प्रमाण की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि।
    6. अनुभव प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियां।
    7. जाति/वर्ग के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियां, जिन पदों हेतु लागू है।
    8. पद संख्या 104 हेतु छोटे/भारी वाहनों को चलाने का वैध (valid) ड्राईविंग लाईसेंस की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि।

**********

प्रशासनिक अधिकारी

## सी.एस.आई.आर.–हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान
## पालमपुर–176 061 (हि.प्र.)

सहायक (सा./भं. एवं क्र.) ग्रेड–**III/** कनिष्ठ आशुलिपिक/चालक के पदों हेतु आवेदन पत्र

विज्ञापन संख्या : 01/2015

आवेदित पद का नाम एवं पद क्रमांक :

| पद क्रमांक | पद का नाम |
|---|---|
| | |

पासपोर्ट आकार की नवीनतम रंगीन स्वप्रमाणित फोटोग्राफ चिपकायें

| क्रमांक | विवरण | अभ्यर्थी द्वारा भरा जाना है | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में) | | | | | | |
| | (अंग्रेजी ब्लाक अक्षरों में) | | | | | | |
| 2. | पिता/पति का नाम | | | | | | |
| 3. | जन्म तिथि | दिन | | माह | | वर्ष | |
| | | | | | | | |
| 4. | दिनांक 07.07.2015 को आयु | दिन | | माह | | वर्ष | |
| | | | | | | | |
| 5. | पत्राचार का पता (पिनकोड सहित) | | | | | | |
| 6. | स्थायी पता (पिनकोड सहित) | | | | | | |
| 7. | नागरिकता | | | | | | |
| 8. | धर्म | | | | | | |
| 9. | श्रेणी(सामान्य/अनु.जा./अनु.ज.जा./अ.पि.व./निःशक्तजन/विधवा/तलाकशुदा/न्यायिक विच्छेद आदि) (एक या अधिक, जो श्रेणी लागू हो, लिखें) | | | | | | |
| 10. | लिंग (पुरूष/महिला) | | | | | | |

लगातार अगले पृष्ठ पर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11. | वैवाहिक स्थिति (विवाहित/अविवाहित) | | |
| 12. | बैंक ड्राफ्ट का विवरण<br>बैंक का नाम, डी. डी. क्रमांक, दिनांक एवं राशि | **बैंक का नाम** | |
| | | **डी. डी. क्रमांक** | |
| | | **दिनांक** | |
| | | **राशि(रू.)** | |

**13. शैक्षिणक योग्यताएं :–**

| **परीक्षा का नाम** | **बोर्ड/ विश्वविद्यालय** | **उत्तीर्ण वर्ष** | **विषय** | **प्रतिशत** | **उत्तीर्ण श्रेणी** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 14. | हिन्दी/अंग्रेजी आशुलिपि की गति शब्द प्र. मि. | |
| 15. | कम्प्यूटर पर हिन्दी/अंग्रजी में टंकण गति श.प्र.मि. में। | |
| 16. | कम्प्यूटर के ज्ञान का विवरण | |
| 17. | चालक के पद हेतु छोटे/भारी वाहनों को चलाने का वैध (valid) ड्राईविंग लाईसेंस की संख्या, दिनांक एवं वैधता की तिथि | |

**18. कार्य अनुभव :**

| **विभाग/कार्यालय का नाम** | **पद** | **अवधि** | **वेतन** | **स्थायी/अस्थायी** | **कार्य की प्रकृति** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 19. | हिमाचल प्रदेश के किसी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होने की मान्य पंजीकरण संख्या एवं दिनांक<br>(कृपया पंजीकरण होने की प्रतिलिपि अवश्य संलिग्त करें) | |

लगातार अगले पृष्ठ पर

| | | |
|---|---|---|
| 20. | क्या कोई रक्त सम्बन्धी/निकट सम्बन्धी सी.एस.आई.आर. अथवा इसकी किसी प्रयोगशाला /संस्थान में कार्यरत है? यदि हां, तो उस सम्बन्धी का नाम, पदनाम एवं प्रयोगशाला /संस्थान का नाम, तथा अभ्यर्थी से उसका संबंध भी लिखें। | |
| 21. | अन्य कोई प्रासंगिक सूचना | |

## उद्घोषणा

मैं सत्यनिष्ठा पूर्वक घोषित करता/करती हूं कि मेरे द्वारा उपरोक्त आवेदन पत्र में दिए गए समस्त ब्यौरे मेरी जानकारी के अनुसार सत्य, पूर्ण एवं सही हैं। यदि किसी भी स्तर पर मेंर द्वारा दी गई सूचना गलत/तोड़ी–मरोड़ी गई/छिपाई गई पाई जाती है, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी।

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

**नाम(.................................................)**

**दिनांक :** **दूरभाष/मोबाइल न..............................................**

**स्थान :** **ई मेल आई डी : .....................................**

**संलग्नकों की सूची :**